पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने सम्मानित किया

लखनऊः 29 सितम्बर, 2015

दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान द्वारा आज होटल ताज में 'हिन्दुस्तान अचीवर्स अवाडर्' समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चिकित्सा, उद्यम, शिक्षा, ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, कुटीर उद्योग, समाज सेवा, सहकारी बैंकिग, इलेक्ट्रानिक उत्पाद, डेयरी, रियल स्टेट से जुडे 28 महानुभावों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र के स्थानीय सम्पादक श्री के0के0 उपाध्याय, श्री अजय अरोड़ा बिजनेस हेड उत्तर प्रदेश/उत्तराखण्ड सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

श्री नाईक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरस्कार से दूसरे लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। ऐसी प्रेरणा समाज को आगे ले जाती है। उन्होंने सुझाव दिया कि उद्यमियों एवं समाज सेवी संस्थाओं के साथ-साथ राजनीति एवं पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी सम्मानित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि राजनीति और पत्रकारिता के क्षेत्र में भी अच्छे लोग हैं।

राज्यपाल ने कहा कि पुरस्कार के लिये श्रेष्ठता के आधार पर नाम तय करना मुश्किल काम है। उन्होंने सम्मान प्राप्त करने वालों को बधाई देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रांे में नई ऊंचाई पर पहुंचे मगर अपने साथ कमजोर लोगों को भी जोड़े। यही उद्देश्य हो तो देश ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि कुछ दिन पूर्व हिन्दुस्तान समाचार की ओर से हिन्दुस्तान शिखर समागम का आयोजन किया गया था, जिसमें राजनीति, खेल व अन्य क्षेत्रों से जुड़े लोगों के विचार जानने को मिले थे कि वे देश को आगे बढ़ाने में क्या सोचते हैं।

समारोह में स्थानीय संपादक श्री के0के0 उपाध्याय ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा श्री अजय अरोड़ा बिजनेस हेड उत्तर प्रदेश/उत्तराखण्ड ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

हिन्दुस्तान

हिन्दुस्तान
हिन्दुस्तान